**भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) में विधि कार्य विभाग के वरिष्ठ भारतीय विधि सेवा (आईएलएस) संवर्ग के अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम।**

**दिनांक 30 जून से 4 जुलाई 2025** के दौरान भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली में विधि कार्य विभाग के भारतीय विधि सेवा (आईएलएस) संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समकालीन प्रशासन चुनौतियों और लोक प्रशासन में सुधारों को अभिकेंद्रित करते हुए उच्च स्तरीय अधिकारियों के प्रशासनिक, प्रबंधकीय और नीति निर्माण कौशल को संवर्धित करना था।

इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए:

- संघीय व्यवस्था में सरकार का कार्यसंचालन(कार्यकरण)
- संसदीय प्रक्रियाएँ, मंत्रिमंडल नोट तैयार करना और कार्य आवंटन नियमावली
- सरकार में कार्यक्रम प्रबंधन, संप्रेषण और वार्ता करना
- सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और व्यय प्रबंधन
- डिजिटल प्रबंधन, नेतृत्व और परिवर्तन प्रबंधन, और लोक सेवा सुधार
- ई-ऑफिस, मीडिया प्रबंधन, और सार्वजनिक नीति संचालक और लोक सेवकों की भूमिका
- नौकरशाही में प्रौद्योगिकी, प्रशासन में कानूनी मुद्दे और मीडिया प्रबंधन

यह पहल प्रशासनिक और नीतिगत भूमिकाओं में अधिकारियों की दक्षता और प्रभावशीलता सुदृढीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण प्रक्रिया के रूप में कार्य करती है।




